प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा राजस्व घाटा अनुदान समाप्त करने के बावजूद राज्य सरकार की पुरानी पैंशन योजना और सभी प्रमुख कल्याणकारी योजनाएं पूर्व की तरह जारी रहेंगी। आज शिमला से दिल्ली रवाना होने से पहले पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 से 2021 तक पूर्व भाजपा सरकार के कुप्रबंधन और फिजूलखर्ची के कारण आज प्रदेश की वित्तीय स्थिति कमजोर हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के दौरान हिमाचल को 54 हजार करोड़ आरडीजी, 16 हजार करोड़ जीएसटी कंपनसेशन मिला लेकिन वर्तमान कांग्रेस सरकार को पिछले तीन साल में केवल 17 हजार करोड़ आर.डी.जी के रूप में प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सरकार कड़े फैसले लेकर हिमाचल प्रदेश के विकास को आगे ले जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश हित में सभी को दलगत राजनीति से उपर उठकर केन्द्र के समक्ष अपनी आवाज उठानी चाहिए। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर द्वारा भाजपा विधायकों को वित्तीय प्रस्तुति के लिए आमंत्रित नहीं किए जाने के आरोपों को खारिज किया।

मुख्यमंत्री–2

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे आर.डी.जी. की बहाली के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट करेंगे और उनसे मिलने का समय मांगा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल के हक के लिए वे लड़ाई लड़ेंगे।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और इसी कड़ी में स्कूलों में एक मार्च से मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया गया है। इस संबंध में जल्द ही विस्तृत एस.ओ.पी जारी की जाएगी। रोहित ठाकुर ने कहा कि स्कूलों में शिक्षक कैंपस में दो मोबाइल फोन ले जा सकेंगे, लेकिन कक्षाओं के दौरान मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक रहेगी।

## सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार ने आज संसद में हमीरपुर और ऊना ज़िलों को जोड़ने वाले रंगस–लठियानी मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग उठाई। उन्होंने केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को बताया कि इस मार्ग पर धनेटा से बंगाणा सुरंग निर्माण पहले से प्रस्तावित है और इस मार्ग के राष्ट्रीय राजमार्ग बनने से बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध व अन्य धार्मिक स्थलों तक श्रद्धालु आसानी से पहुंच सकेंगे। डॉक्टर सिकंदर कुमार ने रंगस–लठियानी मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की प्रक्रिया को गति देने और इसके लिए आवश्यक बजट इसी वित्त वर्ष में आबंटित करने का केन्द्र से आग्रह किया।

## दिशानिर्देश

नगर व ग्राम नियोजन विभाग ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने और जनसमस्याओं का समयबद्ध निवारण करने के उद्देश्य से शिकायत निवारण प्रणाली के तहत दिशानिर्देश जारी किए हैं। विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस प्रणाली के तहत डिविजनल टाउन प्लानिंग कार्यालय में टाउन एंड कंट्री प्लानर के पास अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि चंबा, ऊना और बिलासपुर ज़िलों में डिविजनल टाउन प्लानिंग कार्यालय न होने की स्थिति में चंबा के लोग धर्मशाला, ऊना के हमीरपुर और बिलासपुर ज़िला के लोग टाउन एंड कंट्री प्लानर मंडी को अपनी शिकायतें प्रेषित कर सकते हैं।

———————————————————